कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

क्रमांक– एफ 09( )परीक्षा/कोविको/2024/22499 दिनांक– 02/02/24

परीक्षा–2024 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र सम्बन्धी आवश्यक सूचना

उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक–शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर का पत्र क्रमांक प.18(10)शिक्षा–4/2020 पार्ट–00485 दिनांक 20.10.2023 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), नई दिल्ली ने विश्वविद्यालयों में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) के कार्यान्वयन के लिए निर्देश जारी किए हैं। अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) अर्जित क्रेडिट को ध्यान में रखते हुए डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए एबीसी के साथ पंजीकृत HEIS के लिए छात्रों द्वारा अर्जित अकादमिक क्रेडिट को डिजिटल रूप से संग्रहीत करेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र ही परीक्षा–2024 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाना प्रस्तावित है, परीक्षा–2024 में प्रविष्ठ होने वाले सभी परीक्षार्थियों (नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी) को ABC आई. डी. बनाना अनिवार्य है। सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी ABC आई.डी. परीक्षा आवेदन पत्र भरने का कार्यक्रम घोषित होने से पूर्व ही बनवाकर अपने पास सुरक्षित रखें, जिससे परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ें। कोटा विश्वविद्यालय की परीक्षा–2024 से सभी परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ABC ID बनाने के उपरान्त ही भर सकेंगे। ABC ID बनाने हेतु वेबसाईट www.abc.gov.in अथवा www.digilocker.gov.in पर जाकर बनायी जा सकती है।

अकादमिक बैंक खाता (एबीसी) आई.डी. बनाने की प्रक्रिया:

1. सर्वप्रथम वेबसाईट www.digilocker.gov.in पर जाएं
2. नये उपयोग के लिए – "साइन अप" पर क्लिक करें।
3. अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी इत्यादि प्रविष्टियां भरने पर आपको पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी मिलेगा (एक मोबाईल नम्बर से एक ही ABC आई.डी. बनाये)
4. दिये गये मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी Verify करने के लिए Submit पर क्लिक करें
5. छात्रों को एबीसी आईडी मिलेगी, जिसको अपने पास सुरक्षित रखें।

नोटः–सभी परीक्षार्थियों को एबीसी आईडी बनाना अनिवार्य है। आगामी परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा में बैठने के लिए एबीसी आईडी अनिवार्य है।

परीक्षा नियंत्रक